

सुश्री प्रियंका चोपड़ा

Ms. Priyanka Chopra



पद्म श्री

Padma Shri



राष्ट्रपति से अलंकरण प्राप्त करते हुए

Receiving the decoration from the President

सुश्री प्रियंका चोपड़ा

सुश्री प्रियंका चोपड़ा, जो कि एक पुरस्कार विजेता कलाकार, अंतरराष्ट्रीय जगत में संगीत की सनसनी, भावपूर्ण मानवतावादी तथा ग्रीन–क्रूसेडर, उदीयमान लेखिका तथा एक मुख्य सोशल–मीडिया प्रेरक हैं, और आज आपको व्यापक रूप से आपकी सर्वतोमुखी प्रतिभा एवं प्रवीणता के लिए जाना जाता है।

2. आपका जन्म 18 जुलाई, 1982 को भारत के एक छोटे से शहर के एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ। आपके माता–पिता दोनों भारतीय सेना में डॉक्टर थे तथा आप वैमानिकीय इंजीनियर बनना चाहती थीं। लेकिन जीवन के गर्भ में कुछ और ही छिपा था। फेमिना मिस इंडिया समारोह में आपकी एक चांस–एण्ट्री ने आपके जीवन की दिशा ही बदल दी। आपको भारत–सुन्दरी (मिस इंडिया) का ताज मिला, उसके बाद वर्ष 2000 में आपने विश्व–सुन्दरी का खिताब हासिल किया और आप रातो–रात पूरी दुनिया में छा गईं।

3. आपको वर्ष 2002 में, हिन्दी सिनेमा उद्योग में प्रवेश करने का अवसर प्राप्त हुआ। आपने चुनौतियों से कभी मुंह नहीं मोड़ा और सिनेमा जगत में दाखिल हो गईं और तब से आपने कई यादगार भूमिकाएं अदा की हैं। फैशन, दोस्ताना, बर्फी, कमीने, सात खून माफ, मेरीकोम तथा बाजीराव मस्तानी आदि कुछेक ऐसी फिल्में हैं जिनकी भूमिकाओं के लिए आपको अत्याधिक प्रशंसा प्राप्त हुई।

4. आपने कई एक पहलों से अंतरराष्ट्रीय जगत में भी हलचल पैदा कर दी, जोकि भारत की प्रतिमाओं के लिए पथ–प्रदर्शकीय रही हैं। चार्टबस्टर होने के अलावा, आपका प्रथम अंतरराष्ट्रीय संगीत एकल "इन मॉय सिटी" को अमेरिका के एन एफ एल के थर्सडे नाइट फुटबाल के दो सीजनों के लिए थीम–सांग के रूप में भी चुना गया। आप, गेस? गर्ल का खिताब पाने वाली भारतीय पीढ़ी की प्रथम महिला भी बनीं। आप एनिमेटेड रूपक "प्लेन्स" डिजनी के 2013 में ईशानी की आवाज बनीं और बोनी रायट के "आई कान्ट मेक यू लव मी" में आपके कवर को डा. डी द्वारा बीट्स के वैश्विक विज्ञापन–अभियान में प्रदर्शित किया गया था। आपने, एफ बी आई सनसनी खेज क्वांटिको–शो के साथ सितम्बर, 2015 में अमेरिकी टी.वी. में प्रथम–प्रवेशी बनी, जो 2015/2016 सीजन के सबसे अधिक लोकप्रिय नए प्रदर्शनों (शो) में से एक है। क्वांटिको को 160 देशों में 40 से अधिक भाषाओं में प्रदर्शित करने की अनुमति प्रदान की गई है, जो आगे और आपका नाम पूरे विश्व में स्थापित करने जा रहा है। एलेक्स पैरिस के रूप में आपकी भूमिका को हाल ही में 'नई टीवी श्रृंखला की पंसदीदा अभिनेत्री' के लिए पीपल्स च्वायॅस अवार्ड प्राप्त हुआ है, और इस पुरस्कार के साथ, यह सम्मान प्राप्त करने वाली आप प्रथम दक्षिण एशियाई अभिनेत्री बन गई हैं। हाल ही में आपको वर्ष 2016 के अकादमी पुरस्कार समारोह में प्रस्तोता के रूप में चुना गया और 1988 के बाद लुभावन ऑस्कर को प्रस्तुत करने वाली आप प्रथम दक्षिण एशियाई अभिनेत्री हैं।

5. आप मात्र एक सेलेब्रिटी ही नहीं हैं, अपितु एक सार्वजनिक चेहरा भी हैं, जो सामाजिक मुद्दों और कार्यों, जिनमें आपका विश्वास है, में भी बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेती हैं। आप अभाव ग्रस्त बच्चों, विशेष रूप से लड़कियों से जुड़े कल्याणकारी कार्यों की उत्कट समर्थक हैं। आप 'यूनीसेफ' की कई वर्षों तक नेशनल गुडविल एम्बेस्डर रहीं और आपको यू एन फाउण्डेशन के 'गर्ल–अप' अभियान के लिए चैम्पियन के खिताब से नवाजा गया। आपने 'गर्ल–राइजिंग', जोकि एक पथ प्रदर्शकीय डाक्यूमेंटरी फीचर फिल्म है, के लिए अपनी आवाज दी, जो नौ ऐसी अविस्मरणीय लड़कियों, जो अत्यंत विषम परिस्थितियों में पैदा हुईं, की कहानियों का वर्णन करती है। यह फिल्म, प्रधानमंत्री के 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान का हिस्सा बनने के लिए चुनी गई। आपने ऐसे लोगों, जो सौभाग्यशाली नहीं है, की सहायता के लिए एक शैक्षणिक और चिकित्सकीय रेंज मुहैया कराने हेतु स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए 'द प्रियंका चोपड़ा फाउण्डेशन' की स्थापना की है।

6. आपको विभिन्न संस्थाओं जैसे– फिल्म फेयर, यू एफ ए, स्क्रीन, टोएफा, जी सिने अवार्ड्स, स्टारडस्ट, गिल्ड अवार्ड्स, मिर्ची अवार्ड्स,एम टी वी म्यूजिक अवार्ड्स तथा नेल्शन इंटरनेशनल बॉक्स ऑफिस अवार्ड आदि जैसे अनेक पुरस्कार प्राप्त हुए, जिनमें से वर्ष 2010 में 'फैशन' फिल्म में आपकी भूमिका के लिए सर्वोत्तम अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार शामिल है। आपको स्वच्छ भारत अभियान के लिए प्रधानमंत्री द्वारा चुने गए नौ नामों में से एक के रूप में भी चुना गया, जिसके माध्यम से आप अपने संसाधनों को न केवल किसी क्षेत्र की सफाई करने में प्रयोग करती हैं, अपितु पूरे के पूरे समुदाय को पुनर्वासित करने और सफाई को कायम रखने हेतु उन्हें इस रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं।

Ms. Priyanka Chopra

Ms. Priyanka Chopra, an award-winning actor, international music sensation, passionate humanitarian and green crusader, budding author and a key social media influencer, is today widely recognised for her versatility and talent.

2. Born on July 18, 1982 in a middle-class family from a small town in India and the daughter of two practicing Indian Army doctors, Ms Chopra wanted to become an aeronautical engineer. But life had other plans in store. A chance entry into the Femina Miss India pageant changed the course of her life. She was crowned Miss India, and then went on to win the prestigious Miss World title in 2000, catapulting her to instant fame.

3. Ms. Chopra was offered the opportunity to make her entry into the Hindi Film industry in 2002. Never one to shy away from challenges, she took the step into the film world and has since then has taken on many acclaimed roles in many ground-breaking films. She has received rave reviews for her role in films like Fashion, Dostana, Barfi, Kaminey, Saat Khoon Maaf, Mary Kom and Bajirao Mastani to name a few.

4. Ms. Chopra also created waves internationally with numerous initiatives that have been path breaking for talent from India. Apart from being a chartbuster, her debut international music single "In My City," was also selected as the theme song for two seasons of the NFL's Thursday Night Football in America. She also became the first woman of Indian descent to be named a GUESS? Girl. She was the voice of Ishani in Disney's 2013 animated feature "Planes," and her cover of Bonnie Raitt's "I Can't Make You Love Me" was featured in a global advertising campaign for Beats by Dr. Die. She made her American TV debut in September 2015 with the FBI thriller Quantico, which has become one of the most popular new shows of the 2015/2016 season. Quantico is licensed in over 160 territories in more than 40 languages, further establishing her as a global name. Her role as Alex Parrish also recently won her the People's Choice Award for 'Favourite Actress in a New TV Series,' making her the First South Asian Actress to receive this honour. She was recently chosen as a presenter at the 2016 Academy Awards, and is the first South Asian actress since 1988 to present the coveted Oscar.

5. Ms. Chopra is not just a celebrity, but is also a public figure who stays engaged with social issues and causes she believes in. She is a keen supporter of causes related to underprivileged children and more specifically for the girl child. She was UNICEF's National Goodwill Ambassador for many years and was named a Champion for the UN Foundation's Girl Up campaign. She also lent her voice to Girl Rising, a ground breaking documentary feature film, which tells the stories of nine unforgettable girls born into unforgiving circumstances. The film was selected to become a part of the Prime Minister's Beti Bachao Beti Padhao Campaign. She set up The Priyanka Chopra Foundation for Health and Education (PCF) to provide a range of educational and medical aid to those less fortunate.

6. Ms. Chopra is the recipient of numerous awards from institutions like Filmfare, UFA, Screen, TOIFA, Zee Cine Awards, Stardust, Guild Awards, Mirchi Awards, MTV Music Awards, and Nielsen International Box Office award to name a few, including the National Award for Best Actress for her role in the film 'Fashion' in 2010. She was also chosen as one of the 9 nominees chosen by the Prime Minister for the *Swachh Bharat Abhiyan,* through which Priyanka used her resources to not only clean up an area but to rehabilitate an entire community, and set them on a path to maintaining cleanliness.